हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 17 जनवरी 2026

04 नसबंदी ऑपरेशन में लापरवाही से आदिवासी...



07 मंत्री पंवार का क्षेत्रीय दौरा, विकास कार्यों का दिया ...





**खबर संक्षेप**

### चर्च मैदान पर खेलो एमपी यूथ गेम को लेकर ट्रायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन और प्रदेश सरकार के द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद खेलों को बढ़ावा देने के साथ शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारने का है। शुक्रवार को शहर के चर्च मैदान पर यूथ गेम को लेकर ट्रायल का आयोजन किया गया था, इसमें चार दर्जन से अधिक खिलाड़ी शामिल थे। शुक्रवार को ट्रायल को लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने ट्रायल के लिए पांच सीनियर खिलाड़ियों के अलावा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शामिल किया है। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि खेलो एमपी जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, करीब 40 बालक-बालिकाओं ने जमकर पसीना बहाया और ट्रायल दी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उपरांत सीहोर ब्लाक के बालक-बालिका टीम की घोषणा की जाएगी और उसके पश्चात बुधनी, आष्टा, सीहोर, इछावर और नसरुल्लागंज टीमों के मध्य जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### खजूरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया जाम, प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच मुआवजे पर बनी सहमति

# फंदा टोल प्लाजा पर कर्मचारी की मौत के बाद परिजनों ने चक्काजाम कर किया भारी हंगामा

**जानकारी के अनुसार फंदा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी विजय सिंह मेवाड़ा पिता अमर सिंह मेवाड़ा की बीती रात कार्यस्थल पर एक दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-इंदौर मार्ग पर स्थित फंदा टोल प्लाजा पर बीती रात ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को टोल नाके पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप और टोल प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार फंदा टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारी विजय सिंह मेवाड़ा पिता अमर सिंह मेवाड़ा की बीती रात कार्यस्थल पर एक दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई थी। विजय अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे, जिन पर उनकी वृद्ध माता, पत्नी और तीन छोटी बेटियों (नंदनी 15 वर्ष, आरुषि 12 वर्ष और काव्या 5 वर्ष) की जिम्मेदारी थी। शुक्रवार को जब शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा तो ग्रामीण और परिजन भडक़ गए और उचित मुआवजे की मांग को लेकर टोल पर ही धरने पर बैठ गए।



#### पुलिस को करना पड़ी मशक्कत

चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मांग थी कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सुरक्षा और बच्चों के भविष्य के लिए ठोस सहायता दी जाए।

काफी देर तक चली गहमागहमी और पुलिस की भारी मशक्कत के बाद टोल प्रबंधक और कॉरिडोर मैनेजर ने परिजनों से चर्चा की और मुआवजे की शर्तों पर सहमति बनी।

#### 10-10 लाख रुपए की हो एफडी

परिजनों ने प्रबंधन को सौंपे आवेदन में मांग की थी कि तीनों बेटियों के नाम 10-10 लाख रुपये की एफडी की जाए और वृद्ध माता को भी आर्थिक संबल दिया जाए। प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि वे कंपनी की ओर से अधिकतम संभव सहयोग करेंगे ताकि मृतक की निष्ठापूर्ण सेवाओं का सम्मान हो सके और परिवार का भविष्य सुरक्षित रहे।

#### प्रबंधन द्वारा घोषित की यह सहायता राशि और लाभ

कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा ने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि कंपनी और सरकारी नियमों के तहत पीड़ित परिवार को लाभ दिए जाएंगे, जिसमें तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में कंपनी की ओर से कुल 7 लाख रुपये दिए जाएंगे, जिसमें से 1 लाख रुपये तत्काल दिए गए और शेष 6 लाख रुपये आगामी बुधवार तक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। ईपीएफओ और ईएसआईसी का पूरा पैसा परिवार को मिलेगा। साथ ही विजय की पत्नी और बच्चों को लाइफ टाइम ईएसआईसी और पेंशन की सुविधा मिलेगी। ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट पॉलिसी और ईपीएफओ बीमा का पूरा क्लेम परिवार को दिलाने का वादा किया गया है। 18 साल की उम्र तक दो बच्चों को पेंशन की सुविधा भी निरंतर मिलती रहेगी, जिससे उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सकेगी।

## फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के घेरे में प्रभारी उपसंचालक, कमिश्नर के निर्देश पर छिना प्रभार, संयुक्त कलेक्टर संभालेंगे जिम्मेदारी

**सीहोर।** सरकारी तंत्र में फर्जीवाड़े के आधार पर पद हथियाने का एक बड़ा मामला सामने आया है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी उपसंचालक महेश कुमार यादव के दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर सवाल खड़े होने के बाद अब उनसे प्रभार छीन लिया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब इस विभाग की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को सौंपी गई है।

बता दें प्रभारी उपसंचालक महेश यादव पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त की और पद पर बने रहे। शिकायत में कहा गया था कि उनकी वास्तविक दिव्यांगता कम है, जबकि विभाग में उन्होंने अधिक प्रतिशत वाला सर्टिफिकेट जमा कर रखा है।

#### जांच से बचते रहे अधिकारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए सामाजिक न्याय संचालनालय भोपाल के आयुक्त ने महेश यादव को अपनी दिव्यांगता की जांच एम्स संस्थान में कराने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। हैरान करने वाली बात यह है कि बार-बार निर्देश मिलने के बावजूद यादव ने एम्स जाकर अपनी जांच नहीं कराई। इस टालमटोल को विभाग ने संदिग्ध माना और अंततः कड़ा कदम उठाया।

#### आयुक्त ने कलेक्टर को लिखा पत्र

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने सीहोर कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्देशित किया कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक महेश यादव को पद से हटाकर किसी अन्य अधिकारी को प्रभार दिया जाए। इसी आदेश के पालन में कलेक्टर कार्यालय ने संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार को प्रभारी उपसंचालक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।

#### तबादले पर लिया था स्टे

सूत्रों के अनुसार महेश यादव का तबादला जून 2025 में सीहोर से बालाघाट के लिए किया गया था, लेकिन उन्होंने कोर्ट से स्थगन स्टे ले लिया और सीहोर में ही डटे रहे। हालांकि अब फर्जी प्रमाण पत्र के विवाद और जांच में सहयोग न करने के चलते उन्हें प्रशासनिक प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। 6 जनवरी को जारी हुए पत्र के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई सुनिश्चित की है।

## रोजगार मेला आयोजित, 580 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, उद्योग विभाग एवं शासकीय आईटीआई द्वारा सीहोर में युवा संगम रोज़गार-स्वरोज़गार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 616 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें 13 कंपनियों द्वारा 580 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में उद्योग विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को 41 लाख 48 हज़ार 922 रूपये का स्वरोजगार ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा, प्रबंधक संदीप उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




## कलेक्टर ने रेहटी पहुंचकर तहसील कार्यालय और धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**समय-सीमा में की जाएं वन ग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन की कार्रवाईः कलेक्टर**

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी पहुंचकर तहसील कार्यालय, राजस्व न्यायालय, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया तथा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

**रेहटी तहसील कार्यालय का निरीक्षण, एसआईआर की समीक्षाः** रेहटी तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नो-मैपिंग वोटर्स की सुनवाई, लॉजिकल डिसक्रिपेंसी के निराकरण तथा दावे-आपत्तियों के निपटारे की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ से चर्चा कर निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का सत्यापन पूरी गंभीरता से किया जाए, किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों का नियमानुसार निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण तय समय-सीमा में करते हुए उसकी जानकारी संबंधित हितग्राहियों तक पहुंचाई जाए।



**वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही की समीक्षा :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने इस प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, अभिलेखों का अद्यतन शीघ्रता से किया जाए तथा पात्र ग्रामीणों को राजस्व सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने रेहटी तहसील के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों पर धान की गुणवत्ता, तौल व्यवस्था, बारदाना, भुगतान प्रक्रिया, किसानों की सुविधा तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और सभी केंद्रों पर किसानों से धान की खरीदी पारदर्शी एवं सुचारु रूप से की जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा खरीदी के पश्चात भुगतान समय पर किसानों के खातों में किया जाए।

#### मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये।

## ओलंपियाड परीक्षा हुई आयोजित




**सीहोर।** जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा 2026 जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। ओलंपियाड परीक्षा शासकीय छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करना ताकि भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में शासकीय स्कूल के छात्र छात्राएं सफल हो सके। आज ओलंपियाड परीक्षा कक्षा 2 एवम 3 में हिंदी, अंग्रेजी, गणित , कक्षा 6 से 8 तक हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत की परीक्षा आयोजित की है। परीक्षा तीन शिफ्ट में थी कुल 481 विद्यार्थियों में से 382 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय से ए.पी.सी.लखन माहेश्वरी,ए.पी.सी सुरेंद्र यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा, बी.ए.सी. हेमलता सेंगर, अमिता आहूजा, जी.आर.विश्वकर्मा,बी.ए.सी जितेंद्र कर्मोदिया , राकेश केलोदिया द्वारा अवलोकन किया गया। शासकीय स्कूल के विद्यार्थी जो तीनों विषय में चयनित होकर परीक्षा में शामिल हुए । उन्हें प्रमाणपत्र दिया तथा तथा उनके पालकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### विजीबिलटी रही काफी कम, सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहरा

# न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा आने वाले दिनों में सूरज की किरणें होंगी तीखीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में गुरुवार सुबह फिर कड़ाके की ठंड का असर दिखाई दिया है। न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कल के 10 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम है। तापमान में इस गिरावट के साथ ही सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई।

#### मौसमी बीमारियों से बचने के लिए डॉक्टरों ने दी सलाह

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर दिशा से आ रही ठंडी और बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने संभावित शीत लहर और बीमारियों को लेकर अलर्ट जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतलहर से बचाव के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें और स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर ध्यान दें। डॉ. डेहरिया ने बताया कि शीतलहर के दौरान फ्लू, खांसी, सर्दी और जुकाम जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं या चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं।



उन्होंने यह भी बताया कि यदि शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाए, न रुकने वाली कपकपी हो, याददाश्त चली जाए, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था हो, या जुबान लडख़ड़ाए, तो तुरंत उचित इलाज किया जाना चाहिए। गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर और जूते पहनें। डॉ. डेहरिया ने सलाह दी कि शीतलहर के समय चुस्त कपड़े न पहनें, क्योंकि ये रक्त संचार को कम करते हैं। इसके बजाय, हल्के ढीले-ढाले सूती कपड़े बाहर की तरफ और ऊनी कपड़े अंदर की ओर पहनें। जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें और केवल अति आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें।

#### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा 22 से होगी शुरू



सीहोर। हनुमान फाटक मंदिर कस्बा परिसर में विराट श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध श्रीमद् भागवत पुराण कथा वाचक भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी के द्वारा 7 दिनों तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धालुओं को श्रवण कराई जाएगी। माता हिंगलाज माता मंदिर भावसार धर्मशाला से माता रानी की विधिवत पूजा अर्चना कर भव्य विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। कलश यात्रा ढोल धमाके बैंड बाजा भगवा ध्वज और गौ माता नंदी महाराज के साथ कस्बा क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होकर कथा स्थल हनुमान फाटक मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर सर पर कलश रखेंगी। खामखेड़ा यात्राआष्टा गुरुदेव के सानिध्य में प्रतिवर्णानुसार इस वर्ष भी श्रीमद् कथा का शुभारंभ 22 जनवरी से होगा श्रीमद् भागवत कथा 28 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन होगी।हनुमान जी महाराज कि परम कृपा और हनुमान फाटक मंदिर के मुख्य पुजारी शेषनारायण तिवारी के पुनीत पावन आशीर्वाद से भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी श्रद्धालुओं के समक्ष प्रथम दिवस भागवत का माहात्म्य बताएंगे। जिसके बाद 23 जनवरी को महाभारत प्रसंग, परिक्षित जन्म एवं शुकदेव आगमन होगा।

### सेवादल कांग्रेस कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र किए वितरित




**सीहोर**। सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले सीहोर जिले की भेरूंदा पहुंचकर सेवादल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें ब्लाक भेरूंदा अध्यक्ष सुनील गोलिया, संतोष गौर अनुसुचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष, रामबगस प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति कांग्रेस, जसवंत सिंह ब्लाक सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष, संतोष शर्मा, संजय शर्मा बुधनी विधानसभा प्रभारी, राजेश दुबे ब्लाक अध्यक्ष रेहटी, आमीर पटेल बुधनी अध्यक्ष, भगीरथ कटारे लाडकुई, नर्बदा प्रसाद बकारिया गोपालपुर, जितेन्द्र पंवार जिलाध्यक्ष यूथ सेवादल, राहुल धावरे, कैलाश जाट, अर्विन्द्र सिंह बकोरिया, कमलेश बाकरिया, राजेश बाकरिया, करन सिंह पैठारी, ओमप्रकाश धावरे, राधेश्याम मालवीय, दीपक सोनकर, कनचन ठाकुर, रामदीन पैठारी को सीहोर में होने जा रहे दिनांक 20 जनवरी 2026, दिन मंगलवार, प्रातः 11 बजे कांग्रेस कार्यालय बस स्टेण्ड नेहरू पार्क में सेवादल कांग्रेस के एक दिवसीय भव्य आयोजन में शामिल होने के लिये आमंत्रण पत्रों का वितरण किया तथा सभी कांग्रेस सेवादल व सभी कांग्रेस विंग संगठनों के साथियों को सीहोर आगमन का निमंत्रण दिया।

### लोगों ने शव रखकर प्रदर्शन किया, महिला डॉक्टर के निलंबन व एफआईआर की मांग

# नसबंदी ऑपरेशन में लापरवाही से आदिवासी महिला की मौत, महिला डॉक्टर इछावर अटैच

परिजनों के अनुसार 12 जनवरी की सुबह शिवानी बारेला को नसबंदी ऑपरेशन के लिए सिविल अस्पताल भैरुंदा में भर्ती कराया गया था। दोपहर करीब तीन बजे महिला डॉक्टर डॉ. रुक्मणि गुलहारिया द्वारा ऑपरेशन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





नगर के सिविल अस्पताल भैरुंदा की कार्यप्रणाली एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। नसबंदी ऑपरेशन के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही से ग्राम सिंहपुर निवासी आदिवासी महिला शिवानी बारेला की मौत के बाद गुरुवार देर शाम अस्पताल परिसर तनाव का केंद्र बन गया। आक्रोशित परिजनों ने महिला का शव अस्पताल परिसर में रखकर जमकर नारेबाजी की और दोषी महिला डॉक्टर के तत्काल निलंबन, एफआईआर दर्ज कराने तथा पीड़ित परिवार को सम्मानजनक मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए। हालात बिगड़ते देख अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

परिजनों के अनुसार 12 जनवरी की सुबह शिवानी बारेला को नसबंदी ऑपरेशन के लिए सिविल अस्पताल भैरुंदा में भर्ती कराया गया था। दोपहर करीब तीन बजे महिला डॉक्टर डॉ. रुक्मणि गुलहारिया द्वारा ऑपरेशन किया गया। आरोप है कि गंभीर सर्जरी के बावजूद उसी रात लगभग दस बजे यह कहते हुए महिला को छुट्टी दे दी गई कि अस्पताल में अन्य मरीज नहीं हैं और स्थिति सामान्य है। घर पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद शिवानी की हालत बिगड़ने लगी। आधी रात को तेज रक्तस्त्राव शुरू हो गया। 13 जनवरी को परिजन उसे दोबारा भैरुंदा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर बताकर तत्काल सीहोर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां भी स्थिति में सुधार न होने पर 14 जनवरी को पहले एक निजी अस्पताल और फिर हमीदिया अस्पताल भोपाल ले जाया गया। इलाज के दौरान शिवानी की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और अंततः उसने दम तोड़ दिया।

### गलत नस काटने का गंभीर आरोप

मृतका के पति नवल सिंह बारेला सहित परिजनों ने ऑपरेशन करने वाली महिला डॉक्टर पर सीधा आरोप लगाया कि नसबंदी के दौरान पेट के भीतर की नस या आंत को क्षति पहुंची, जिससे संक्रमण फैल गया। परिजनों का कहना है कि यदि ऑपरेशन के बाद मरीज को नियमानुसार ऑब्जर्वेशन में रखा जाता और समय रहते उचित उपचार मिलता, तो शिवानी की जान बचाई जा सकती थी। इसी लापरवाही के विरोध में परिजनों ने अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की।

### प्रशासन का आश्वासन, आक्रोश बरकरार

मौके पर पहुंचे सुधीर कुमार कुशवाहा ने परिजनों को समझाइश दी। उन्होंने शासन के प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने बताया कि पूरे मामले से कलेक्टर को अवगत करा दिया गया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद परिजन शांत तो हुए, लेकिन एफआईआर और सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

**पहले भी लग चुके हैं आरोप** : जानकारी के अनुसार संबंधित महिला डॉक्टर वर्षों से इसी अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन करती आ रही हैं। पूर्व में भी उनके खिलाफ एक गर्भवती महिला से कथित अभद्र व्यवहार की शिकायत सामने आई थी, लेकिन वह जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इसके बावजूद उन्हें उसी अस्पताल में बनाए रखा गया।

### स्थानांतरण पर उठे सवाल

घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य विभाग ने महिला डॉक्टर को सिविल अस्पताल इछावर में अटैच कर दिया। इस मामले में स्थानीय नागरिकों के बीच चर्चाएं बनी हुई हैं केवल स्थानांतरण पर्याप्त नहीं है, बल्कि मामले में एफआईआर दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# हिंदू सम्मेलन में दिखी एकता और सामाजिक समरसता की सशक्त तस्वीर

### कलश यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और समरसता भोज के साथ गूंजा एकजुटता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भैरुंदा नगर की माधव बस्ती स्थित परशुराम संस्कार केंद्र में शुक्रवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में बौद्धिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। यह दृश्य सामाजिक समरसता, समानता और एकता के भाव को जीवंत करता नजर आया।

सम्मेलन की शुरुआत दुर्गा मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा से हुई। डीजे-बाजे, भारत माता के जयघोष और हाथों में भगवा पताकाएं लिए श्रद्धालु रेस्ट हाउस रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। शोभायात्रा में मातृशक्ति और युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों ने मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। गायत्री परिवार द्वारा हवन के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ।

मंच पर कुटुंब प्रबोधन, भारत माता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। सम्मेलन में संघ वक्ता, महिला वक्ता, संत वक्ता एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने विचारों के माध्यम से समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।


मुख्य वक्ता रामवीर कौरव (प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख) ने भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित समाज ही सुरक्षित और सशक्त होता है। उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बताया कि जब हम भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को अपनाते हैं, तभी भारत में 'स्वर्ग' का सृजन संभव है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई 'बड़े भाग्य मानुष तन पावा' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत भूमि और हिंदू धर्म में जन्म लेना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने भगवान श्रीराम के चरित्र का उदाहरण देते हुए कहा कि मर्यादा, त्याग और पिता के वचन का पालन भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। आज के समय में पाश्चात्य प्रभाव बढ़ रहा है, जबकि हमारी संकल्पना जीवनभर माता-पिता के सम्मान और परिवार के साथ रहने की रही है। हिंदू समाज को सशक्त बनाने के लिए बच्चों में संस्कारों का रोपण अनिवार्य है। आचार्य मनोज तिवारी कांकरिया वाले, भैरुंदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज का अतीत गौरवशाली रहा है, किंतु मध्यकाल में हम अपनी वैदिक परंपराओं से कुछ भटक गए। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत को स्मरण कराते हुए कहा कि हमारा धर्म ऊंच-नीच और भेदभाव नहीं सिखाता। भगवान राम ने शबरी और निषादराज को अपनाकर सामाजिक समरसता का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने वैदिक परंपराओं से जुड़े रहने, विवाह एवं धार्मिक आयोजनों में शास्त्रीय मर्यादाओं के पालन और सोलह संस्कारों को पुनः स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही गौ-सेवा, मंदिरों के माध्यम से संस्कार निर्माण और युवाओं को नशामुक्त रखने का आह्वान किया। महिला वक्ता अनीता लखेरा ने 'पंच परिवर्तन' की अवधारणा को रेखांकित करते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्यों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि इन आयामों के माध्यम से भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जा सकता है।

**बस्ती मे रहने वाले प्रतिभाओ का सम्मान किया** : योगेश पंवार कक्षा बाहरवी मे जिले मे प्रथम,संतोष सरसवाल पर्यावरण प्रेमी, शिवानी परते, सलोनी परते,अनसूईया जाट, स्वाति मालवीय कब्बडी टीम,

**ऋतु बारेला पुलिस हेडकांस्टेबल का सम्मान किया** : कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती और समरसता भोज के साथ हुआ। सम्मेलन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि एकता, संस्कार और समरसता ही समाज की वास्तविक शक्ति हैं।




# सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां, 108 विप्रजन करेंगे मंत्रोच्चार दिलाएंगे आहुतियां



**सीहोर**। शहर के प्रसिद्ध करोली वाली माता गंज में आगामी 18 जनवरी से होने वाले दस दिवसीय ऐतिहासिक सहस्त्र चंडी महायज्ञ के लिए यज्ञ शाला का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसके अलावा यहां पर रंग-बिरंगी रोशनी का इंतजाम संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने किया है। स्थल पर पहुंचे कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर ने यज्ञाचार्य पंडित महादेव शर्मा से चर्चा की।

इस मौके पर पंडित शर्मा के मार्गदर्शन में यहां पर हवन सामग्री आदि के लिए स्थान तय किया गया है, इसके अलावा यहां पर देश के कोने-कोने से आने वाले विद्वान विप्रजनों के रहने आदि की व्यवस्था भी की गई।

महायज्ञ के मीडिया प्रभारी प्रदीप समाधिया ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ, जिसमें 108 विप्रजनों ब्राह्मणों/पुरोहितों द्वारा आराधना की जाएगी, एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। इस प्रकार के बड़े आयोजनों की तैयारी में आमतौर पर कई चरण शामिल होते हैं।

जिले के इतिहास में भव्य सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। वहीं इसी दिन हेमाद्री आदि दिव्य अनुष्ठान के पश्चात आदि दिनों में अग्नि स्थापन नित्य हवन पूजन किया जाएगा। यहां पर दस दिनों तक नगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर के सभी क्षेत्रवासी सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं को नियमित रूप से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी।

# ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा सीहोर जिला सहकारी बैंक में ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में व्यापारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उप संचालक अशोक उपाध्याय ने बताया कि किसानों को उर्वरक वितरण के लिए शासन द्वारा ई-टोकन प्रणाली चालू की गई है। जिसमें किसानों को पारदर्शी रूप से उर्वरक वितरित किया जाएगा। इससे किसानों का समय बचेगा और उर्वरकों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। कार्यक्रम में इफको क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कर्मी द्वारा नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं इसकी उपयोगिता की उपयुक्त विधि के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक संचालक श्री अनिल कुमार जाट, जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक सौरभ जुनवाल, ताहिर हुसैन, कमल सिंह ठाकुर, बीएस मेवाड़ा, वीके शर्मा, लाडसिह बकोदिया, आशीष राठौर और जितेन्द्र मेवाड़ा उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने बुधनी पहुंचकर किया सारू-मारू की गुफाओं का निरीक्षण

# जिले की ऐतिहासिक व पुरातात्विक पहचान हैं सारू-मारू की गुफाएं : कलेक्टर बालागुरु. के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने बुधनी तहसील के ग्राम पान गुराड़िया स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व की सारू-मारू की गुफाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गुफाओं, बौद्ध स्तूपों एवं शिलालेखों का अवलोकन किया और प्राचीन धरोहर के संरक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि सारू-मारू की गुफाएं जिले की ऐतिहासिक पहचान हैं। उल्लेखनीय है कि सारू-मारू की गुफाएं सीहोर जिले की बुधनी तहसील अंतर्गत ग्राम पान गुराड़िया के समीप स्थित एक प्राचीन बौद्ध मठ परिसर एवं पुरातात्विक स्थल हैं, जिनका संबंध तथागत गौतम बुद्ध के प्रमुख शिष्यों महामोद्गलायन और सारिपुत्र के काल से माना जाता है। यह स्थल सांची से लगभग 120 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां प्राकृतिक गुफाओं के साथ-साथ अनेक बौद्ध स्तूप निर्मित हैं। गुफाओं में स्वस्तिक, त्रिरत्न एवं कलश जैसे बौद्ध प्रतीकों के भित्तिचित्र आज भी देखे जा सकते हैं, जो इस स्थल की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाते हैं। इस स्थल का विशेष महत्व इस कारण भी है कि यहां मुख्य गुफा में सम्राट अशोक से संबंधित दो महत्वपूर्ण शिलालेख प्राप्त हुए हैं। इनमें से एक शिलालेख में अशोक के पुत्र महेंद्र की यात्रा का उल्लेख मिलता है, जबकि दूसरे शिलालेख से यह जानकारी मिलती है कि सम्राट अशोक ने विदिशा में निवास के दौरान इस स्थल की यात्रा की थी। इतिहासकारों के अनुसार यहां मौजूद कुछ गुफाएं और स्तूप सम्राट अशोक के राज्यकाल से भी पूर्व के हैं। बुद्ध काल में बुधनी क्षेत्र को 'बुद्धनगरी' के रूप में जाना जाता था और आसपास के क्षेत्रों में भी बौद्ध स्तूपों के अवशेष पाए गए हैं। लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में फैली इस पहाड़ी पर शैल चित्रों के साथ-साथ 25 से अधिक बौद्ध स्तूप मौजूद हैं, जिनका संरक्षण राष्ट्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा ग्राम सेमरादांगी में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित



**सीहोर**। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा ग्राम सेमरादांगी में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 210 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान 13 यूनिट रक्तदान भी प्राप्त हुआ, जिससे जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सदस्य मान सिंह दांगी का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पाकर ग्रामवासियों में उत्साह देखने को मिला। शिविर के सफल आयोजन पर ग्राम सेमरादांगी के नागरिकों ने रेड क्रॉस सोसायटी एवं सचिव विपुल चांडक के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की मांग की।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार नीलेश राठौर आ श्री राजेन्द्र राठौर आयु वयस्क निवासी राठौर मोहल्ला गंज सीहोर म.प्र. ने भूमि सर्वे क्र. 18/1 कुल रकबा 10 एकड स्थित ग्राम शेरपुर /तकीपुर तहसील व जिला सीहोर (म.प्र.) को क्रय करने का अनुबंध भूमि बुधिया पत्नि बिहारी निवासी ग्राम शेरपुर तहसील व जिला सीहोर से किया है विक्रेता को बयाना राशि भी अदा की जा चुकी है प्रतिफल की राशि अदा कर उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है यदि उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, समूह अथवा वित्तीय संस्था शासकीय, अशासकीय बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भारप्रभार, बंधक, दान, कोई लेनेदेन हो या ऐसे अंतरण से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय्दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन स्वयं के हित में करा लेगा।

भवदीय, **शुभम राय**, अधिवक्ता
सीहोर, मो. 09300399213

अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों को जारी किया पत्र

# जिन किसानों पर जलकर बकाया उन्हें नहीं मिलेगा केसीसी लोन

## नए बिजली कनेक्शन, रजिस्ट्री आदि के लिए जरूरी होगी बांध प्रबंधन की एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़


जिले की वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शुमार मोहनपुरा, कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं से जिले के लगभग सवा 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई शुरू हो चुकी है। किसानों के जीवन में आमूलचूल बदलाव लाने वाली इन सिंचाई परियोजनाओं से हजारों किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

उक्त दोनों सिंचाई परियोजना से खेती के लिए पानी लेने वाले किसानों को विभाग द्वारा निर्धारित जलकर (टैक्स) भरना भी अनिवार्य होगा। अगर सिंचाई परियोजना का लाभ ले रहे किसानों ने जलकर की राशि जमा नहीं की तो संबंधित किसान को केसीसी लोन, नया बिजली कनेक्शन, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री, शस्त्र लायसेंस जारी नहीं होगा। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने इस बारे में सभी जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम, उप-पंजीयक कार्यालयों, सभी बैंकों सहित विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को पत्र भी जारी किया है।

### बांध प्रबंधन ईकाई से लेनी होगी एनओसी

जारी पत्र के अनुसार विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से लोन लेने, संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने, शस्त्रों को खरीदने हेतु लायसेंस जारी करने, बिजली विभाग से विद्युत कनेक्शन लेने के लिए संबंधित किसान को पहले मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना प्रबंधन ईकाई राजगढ़ से एनओसी(अनापत्ति प्रमाण-पत्र) लेना आवश्यक होगा।

उक्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलने के उपरान्त ही संबंधित बैंक, विद्युत विभाग, रजिस्टार दफ्तर से संबंधित सुविधा का लाभ किसानों को मिल पाएगा। हालांकि, यह एनओसी जिले के केवल उन किसानों के लिए आवश्यक होगी जो मोहनपुरा, कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के पानी से अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म0प्र0
E-Mail ID :- dmrajgarh@nic.in

पत्र क्रमांक 62 / 2026 राजगढ़, दिनांक 13/01/2026
प्रति,
01. पुलिस अधीक्षक, जिला राजगढ़
02. अधीक्षण यंत्री, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि., राजगढ़
03. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़ / खिलचीपुर / ब्यावरा / नरसिंहगढ़
04. उप पंजीयक, पंजीयन कार्यालय, राजगढ़
05. प्रबंधक लीड बैंक / एस.बी.आई / पी.एन.बी. / समस्त शाखा जिला-राजगढ़
06. कार्यपालन यंत्री, म.प्र. मध्य क्षेत्र वि.वि.कंपनी लिमिटेड, राजगढ़

विषय :- मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई, राजगढ़ के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के कृषकों से जल संसाधन विभाग (मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजना प्रबंधन इकाई, राजगढ़) द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करवाने बाबत्।

—000—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मोहनपुरा एवं कुण्डालिया परियोजनाओं से राजगढ़ जिले की 224247 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जा रहा है परंतु परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के कृषकगणों द्वारा जलकर की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे राजस्व वसूली अत्यंत कम हो पाती है एवं शासन को वित्तीय हानि हो रही है। अतः यह आवश्यक प्रतीत होता है कि विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन लेने, विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से लोन लेने, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने या शस्त्रों को खरीदने के लिए लायसेंस जारी करने हेतु जल संसाधन विभाग से कृषकों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाए। विभाग द्वारा ग्रामों की सूची पृथक से प्रदान की जावेगी।

अतः कृपया कृषकों को विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से विद्युत कनेक्शन देने, विभिन्न बैंकों से क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन स्वीकृत करने, चल-अचल संपत्ति की रजिस्ट्री करने या शस्त्रों को खरीदने के लिए लायसेंस जारी करने से पूर्व कृषकों से जल संसाधन विभाग (परियोजना प्रबंधक (कार्यपालन यंत्री) मोहनपुरा-कुण्डालिया परियोजना प्रबंधक इकाई, राजगढ़) द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना सुनिश्चित किया जाये।
संलग्न :- उपरोक्तानुसार

कलेक्टर
जिला, राजगढ़

पृ. क्रमांक 63 / 2026 राजगढ़, दिनांक 13/01/2026
प्रतिलिपि-
परियोजना प्रबंधक (कार्यपालन यंत्री), एम.के.पी.एम.यू. राजगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

कलेक्टर
जिला, राजगढ़

### 316 रुपए प्रति बीघा के मान से जमा होती है राशि

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजनाओं से सिंचाई हेतु पानी लेने वाले किसानों को 316 रुपए प्रति बीघा या 1250 रुपए हेक्टेयर के मान से जलकर की राशि जमा करवानी होती है। यह राशि रबी सीजन में दिए जा रहे पानी के मान से है। फिलहाल मोहनपुरा परियोजना से खरीफ सीजन के लिए सिंचाई के लिए जल प्रदाय नहीं किया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक साल के लिए 316 रुपए प्रति बीघा या 1250 रुपए हेक्टेयर के हिसाब से जलकर निर्धारित है।


### कहां जमा करवानी है यह राशि

संबंधित किसान को जलकर की राशि मोहनपुरा, कुंडालिया राजगढ़ के दफ्तर आकर जमा करवानी है। आपको यह भी बताते चलें उक्त जलकर सिर्फ खेतों की सिंचाई के लिए पानी लेने वाले किसानों के लिए है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के माध्यम से 'हर घर नल से जल' योजना के तहत पेयजल के बिल की राशि अलग है जो संबंधित उपभोक्ता को पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होती है।

पटवारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

# किसान ने क्षेत्रीय विधायक और एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खिलचीपुर



जनपद खिलचीपुर के ग्राम तलावड़ा निवासी किसान मोहनलाल तंवर उम्र 60 वर्ष ने हल्का नंबर 33 के पटवारी देवेंद्र मीणा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

किसान का कहना है कि पुश्तैनी जमीन के बंटवारे के लिए आवेदन देने के बाद पटवारी ने करीब एक महीने तक उन्हें चक्कर लगवाए। किसान के अनुसार, तलावड़ा गांव में उनकी 35 बीघा जमीन है, जो पांच भाइयों की पुश्तैनी संपत्ति है। जमीन के आपसी सहमति से बंटवारे के लिए उन्होंने लोक सेवा केंद्र के माध्यम से 16 दिसंबर 2025 को आवेदन किया था। आरोप है कि पटवारी ने बंटवारे के बदले 70 हजार रुपए की मांग की और कहा कि पैसे नहीं दिए तो काम नहीं होगा, जहां शिकायत करनी हो कर सकते हो। किसान मोहनलाल तंवर ने एसडीएम अंकिता जैन, तहसीलदार विनीत गोयल और क्षेत्र के भाजपा विधायक अमर सिंह यादव को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है...**

पटवारी देवेंद्र मीणा ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि बंटवारे के लिए कौन व्यक्ति आया था। तहसीलदार कार्यालय में एक मामला जरूर लंबित है, जिसमें रिपोर्ट मांगे जाने पर वे नियमानुसार जवाब देंगे। रिश्वत मांगने का आरोप झूठा है।

**जांच कराएंगे...**

जांच करवाती हूं। आवेदन अगर मेरे कार्यालय में आया होगा तो मैंने तहसीलदार को भेज दिया होगा।

**अंकिता जैन**
एसडीएम खिलचीपुर

## सेवा बस्ती में संघ ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**सारंगपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर की सेवा बस्ती वार्ड क्रमांक 5 भारगुंडावाडी में सामाजिक समरसता एवं सेवा भाव के साथ उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों, बुजुर्गों एवं बच्चों को गुड़-तिल्ली का वितरण कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पर्व की खुशियां पहुंचाना रहा। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों से आत्मीय संवाद किया तथा मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तिल-गुड़ आपसी मधुरता, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक है तथा यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।

# किसी अधिकारी की सेवा समाप्त तो किसी को किया सस्पेंड, वेतन भी काटा

## समीक्षा बैठक में लापरवाहों पर जिपं सीईओ की कार्रवाई



**राजगढ़।** ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर अब सख्ती की जाने लगी है। जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले ने गत दिवस शासकीय योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की जनपदवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान एक बगिया मां के नाम योजना के तहत ब्यावरा जनपद के सहायक लेखाधिकारी भानू प्रताप खिंची के विरुद्ध पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर सेवा समाप्ति के तल्ख निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही उपयंत्री राहुल मेश्राम, अरुण गाठे एवं अजय परमार का 3-3 दिवस का वेतन काटने के निर्देश जिपं सीईओ ने प्रदान किए। खिलचीपुर जपं की समीक्षा में उपयंत्री संदीप पाटिल एवं जीतेंद्र उमठ द्वारा बिल प्रस्तुत न किए जाने पर उनका 7 दिवस का वेतन काटते हुए संविदा सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। उपयंत्री पंकज सिंह पर भी वेतन काटने के कार्यवाही की गई। इसी तरह नरसिंहगढ़ जपं की उपयंत्री बबीता राज का कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर सेवा समाप्ति एवं भुगतान अंतर्गत कम प्रगति पाए जाने पर सहा. लेखाधिकारी अरुण शर्मा का 3 दिवस का वेतन काटने एवं सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अनुपस्थित सब-इंजीनियर अनिल नामदेव को शोकाज नोटिस जारी किया गया।

### पंचायत समन्वयक अधिकारी राजगढ़ सस्पेंड

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जपं राजगढ़ के पंचायत समन्वयक अधिकारी जगदीश सक्सेना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाने एवं उनके सेक्टर में अपूर्ण आवासों की अधिकता पर सक्सेना को सस्पेंड करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने प्रदान किए।

## शर्मा को फिर मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी



### जिला इकाई का विस्तार करते हुए कीं नई नियुक्तियां

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की राजगढ़ जिला इकाई का विस्तार करते हुए संगठन द्वारा नई नियुक्तियों की घोषणा की। संगठन के प्रान्त अध्यक्ष शलभ भदौरिया सहित प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार सुरेश शर्मा ब्यावरा को पुनः राजगढ़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गईं। जिसके माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने की अपेक्षा करते हुए पुनः सुरेश शर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। जिला महासचिव विजयपाल परमार नर्सिंहगढ़ को नियुक्त किया है। संगठन ने शर्मा, परमार से आशा जताई है कि वे जिले के पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देंगे। शर्मा के पुनः जिलाध्यक्ष व विजय पाल को जिला महासचिव बनने की जानकारी मिलते ही जिले के पत्रकारों एवं संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई और सभी ने सुरेश शर्मा, और विजय पाल परमार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई

## गंदे पानी की शिकायत पर सप्लाई, लीकेज की मरम्मत कराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा



बुधवार को वार्ड 4 में नलों से मटमैला पानी आने की शिकायत सामने आते ही नगर पालिका ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की। गंदे पानी की जानकारी मिलते ही नपा सीएमओ इकरार इंजीनियर राहुल गुप्ता और जल प्रदाय अमले ने मौके पर पहुंचकर जल सप्लाई व्यवस्था की जांच की और संभावित लीकेज की पहचान की गई। एहतियातन प्रभावित क्षेत्र की पानी की सप्लाई तुरंत बंद कर दी गई, ताकि नागरिकों की सेहत पर कोई विपरीत असर न पड़े। नगर पालिका द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत और सफाई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। साथ ही, जब तक व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस त्वरित कदम से रहवासियों ने राहत की सांस ली है। नपा सीएमओ इकरार अहमद का कहना है कि शहर में जल सप्लाई लाइन और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। वार्ड 4 में नालों में गंदा पानी आने की शिकायत मिली थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सप्लाई रोकी गई है। समस्या के पूरी तरह समाधान के बाद ही सप्लाई बहाल की जाएगी। नगर पालिका की इस त्वरित और जिम्मेदार पहल से यह साफ है कि नागरिकों की सेहत सर्वोपरि है। समय रहते की गई कार्रवाई से किसी भी संभावित बीमारी या बड़ी घटना को टाल दिया गया, जो प्रशासन की सजगता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**इनका कहना है...**

नल से गंदा पानी आने की सूचना मिलने के तुरंत बाद ही हम मौके पर पहुंचे और जल सप्लाई लाइन चेक किया गया और लीकेज ढूंढकर मरम्मत करवाई गई। जल सप्लाई लाइन और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है।

**इकरार अहमद**
**नपा सीएमओ ब्यावरा**

# ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर मंत्री ने उड़ाई पतंग




**सारंगपुर।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा मकर संक्रांति का पर्व उमंग-उल्लास के साथ सामुहिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ गौतम टेटवाल भी सेवाकेंद्र पर त्याग-तपस्यामयी ब्रह्माकुमारी बहनों का आशीर्वाद लेने सेवाकेंद्र पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। मंत्री टेटवाल ने सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी के सानिध्य में शांति और सद्भावना की पतंग उड़ाई। मंत्री टेटवाल ने अपने उद्बोधन में ब्रह्माकुमारीज द्वारा नगर में किए जा रहे सेवाकार्यों की खुले हृदय से प्रशंसा की और बड़े ही भावुकता से सदैव सेवाकार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। मंत्री टेटवाल का ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र से विगत कई वर्षों से गहरा नाता रहा है,वे सेवाकेंद्र की सेवाओं को आगे बढ़ाने में सदैव अग्रणी भूमिका में रहे हैं। वे अपने उज्ज्वल भविष्य का श्रेय भी ब्रह्माकुमारी बहनों की त्याग-तपस्या और शिव बाबा पर अर्पित करते रहे हैं।

**जन्म के समय बेहद नाजुक थी बच्चों की हालत**

# जन्म के 36 दिन बाद स्वस्थ होकर घर लौटे जुड़वा बच्चे



**राजगढ़।** जिला अस्पताल राजगढ़ के विभिन्न वार्डों, यूनिटों से जहां अक्सर कई तरह की लापरवाही के मामले सामने आते रहते हैं। वहीं इसी अस्पताल की कुछ विंगों में बेहतर काम भी किया जा रहा है। इसी तरह के बेहतर काम की बानगी एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई) से सामने आई है। गत 10 दिसंबर 2025 को ब्यावरा सिविल अस्पताल से दो जुड़वा नवजात बच्चों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर किया गया था। जन्म के समय इन जुड़वां भाई-बहन की स्थिति बेहद नाजुक थी। दोनों बच्चों का वजन जहां बेहद कम था वहीं उन्हें श्वांस संबंधी बीमारी भी थी। इसके साथ ही बच्चे मां का दूध भी नहीं पी पा रहे थे। एनएनसीयू विंग प्रभारी डॉ. आरएस माथुर सहित स्टाफ सदस्यों द्वारा बच्चों की क्रिटिकल स्थिति देख उनका विशेष ध्यान रखते हुए उपचार आरंभ किया गया। करीब 36 दिनों तक चले उपचार उपरान्त पूरी तरह स्वस्थ होने पर बुधवार शाम दोनों बच्चों को माता-पिता के सुपुर्द कर घर के लिए रवाना कर दिया गया।

## 30 वर्षीय संजय कुमार गुप्ता का निधन



**जीरापुर।** नगर के मेडतवाल समाज के युवा सदस्य संजय कुमार गुप्ता का असामयिक निधन हो गया, वह 30 वर्ष के थे। गौरतलब है कि विगत 18 जुलाई 2025 को खिलचीपुर में विद्युत टांसफार्मर फटने का जो हादसा हुआ था उसमें ड्युटी के दौरान संजय कुमार टांसफार्मर फटने से उसके तेल की चपेट में आ गए थे जो बुरी तरह जल गये थे। जिन्हें तत्काल बाहर रेफर किया था तब 18जुलाई से लगातार संजय का इलाज भोपाल बंसल हास्पिटल में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बुधवार भोपाल स्थित बंसल हांस्पिटल में पोस्ट मार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया। जिनका अन्तिम संस्कार जीरापुर मुक्ति धाम पर किया गया। दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए समाजसेवी दिनेश जमींदार एवं गिरीराज जुलानिया ने कहा कि संजय परिवार में दिनेश गुप्ता का इकलौता पुत्र था।

# मंत्री पंवार का क्षेत्रीय दौरा, विकास कार्यों का दिया सशक्त संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुठालिया

मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जनसंवाद, धार्मिक आस्था और विकास कार्यों का संदेश दिया। उनके इस दौरे में कार्यकर्ताओं से संवाद, विकास कार्यों की स्वीकृति तथा धार्मिक आयोजनों में सहभागिता प्रमुख रही।

गुरुवार सुबह मंत्री पंवार ने सुठालिया स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय भेंट कर संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पर्व और परंपराएं समाज को एक सूत्र में बांधती हैं तथा सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करती हैं। जनसेवा ही हमारा मूल उद्देश्य है। इस दौरान मंत्री द्वारा विधायक निधि से कुल 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जिससे बूढ़ा महादेव मंदिर एवं सरस्वती स्कूल में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और शिक्षण संस्थानों का विकास समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंत्री पंवार का यह दौरा जनसंवाद, विकास और आध्यात्मिक चेतना का समन्वित स्वरूप रहा, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया और जनविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

### महादेव मंदिर पर मकर संक्रांति पर अनुष्ठान संपन्न

**लखनवास।** सुंदरपुरा गांव में गुरुवार को मकर संक्रांति के पर्व पर शिवालय महादेव मंदिर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर साल की गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ का विधि-विधान के साथ समापन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति और विशेष पूजा मकर संक्रांति के अवसर पर। आज सुबह से ही महादेव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। दोपहर में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की पूर्णाहुति डाली गई। समापन के अवसर पर हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

### पुलिस ने महिला को दिलाया उपचार

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पीड़ित एक असहाय महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया।

असाध्य रोगों के स्थाई इलाज की जागी नई उम्मीद

# ब्यावरा में होम्योपैथी क्लीनिक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

बिजनेस न्यूज

**नगर में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का पहला क्लीनिक शुरू होने से क्षेत्रवासियों को एक नई और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिली है। वर्षों से एलोपैथिक उपचार पर निर्भर लोगों के लिए यह क्लीनिक अब एक वैकल्पिक और सुरक्षित इलाज का विकल्प लेकर आया है।**



खास बात यह है कि इस क्लीनिक में कई ऐसे असाध्य और जटिल रोगों के इलाज का दावा किया जा रहा है, जिनसे पीड़ित मरीज लंबे समय से परेशान हैं। सुठालिया बायपास पर सरदार पटेल स्कूल केंपस में क्लीनिक के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। वहीं होम्योपैथी डॉ धुरव कमल आलोक प्रसाद बताते हैं कि होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर जड़ से रोग को ठीक करती है। इसके उपचार में दवाइयों के साइड इफेक्ट न के बराबर होते हैं, जिससे यह बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी मानी जाती है।

### कई असाध्य रोग के मरीजों का भी हो सकेगा स्थाई उपचार

क्लीनिक संचालक होम्योपैथी चिकित्सक डॉ धुरव ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां त्वचा रोग, दमा, एलर्जी, माइग्रेन, गठिया, थायरॉइड, मधुमेह, पेट संबंधी रोग, मानसिक तनाव, अनिद्रा, स्त्री एवं बाल रोग, साथ ही लंबे समय से चले आ रहे असाध्य रोगों का भी उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी इलाज मरीज की पूरी शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझकर किया जाता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। नगरवासियों का कहना है कि अब तक होम्योपैथी उपचार के लिए उन्हें इंदौर, भोपाल या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की परेशानी होती थी। ब्यावरा में क्लीनिक खुलने से अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा। खासकर मध्यम और गरीब वर्ग के लिए यह सुविधा राहत भरी साबित होगी। क्लीनिक में आधुनिक परामर्श व्यवस्था, मरीजों की विस्तृत जांच और व्यक्तिगत उपचार पद्धति अपनाई जाएगी। चिकित्सक ने यह भी बताया कि जरूरतमंद मरीजों के लिए भविष्य में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग होम्योपैथी के लाभों से परिचित हो सकें।

## खबर संक्षेप

### अभियान के तहत ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** जन अभियान परिषद द्वारा सीहोर जनपद पंचायत में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड समन्वयन एनपी सूर्यवंशी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को गति प्रदान करना है। इसके साथ ही स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनजागरूकता बढ़ाना भी अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सेंगर एवं संजय त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

### सांसद खेल महोत्सव का आज होगा शुभारंभ, होंगी कई प्रतियोगिताएं

# मुखर्जी मैदान पर पहुंचकर विधायक ने तैयारियों की समीक्षा के बाद दिए निर्देश

**विधायक गोपालसिंह इंजीनियर अधिकारियों के साथ मुखर्जी ग्राउंड पहुंचे व सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को देखा एवं समीक्षा कर निर्देश दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है की सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में छुपी प्रतिभाओं को उभार कर ऊपर ला सकते हैं। उनेह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं, निखार कर ऊपर आने वाले ये ही खिलाड़ी अपने क्षेत्र का देश प्रदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। ऐसी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर लाने में सांसद खेल महोत्सव एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर सकता है। इसी सोच के तहत देश के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

इसी के तहत शुक्रवार को देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मुखर्जी ग्राउंड पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन रखा गया है। देवास सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी प्रातः 10 बजे सांसद खेल महोत्सव का क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा सहित सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि में शुभारम्भ करेंगे। एक दिन पूर्व विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सभी अधिकारियों के साथ मुखर्जी ग्राउंड पहुचे सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को देखा एवं समीक्षा कर निर्देश दिए। सांसद खेल महोत्सव में आज बॉलीबाल, कबड्डी, रस्सा खेंच,100 मीटर, 200 मीटर दौड़ आदि खेलो की सभी मंडलो से आने वाली टीमों के बीच मैच होंगे। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने हर अभिभावक से अपने बच्चों को खेलों में भाग लेने और उन्हें प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। इंजीनियर ने कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धाएं हीं नहीं हैं, बल्कि ये निरन्तर सीखने की प्रक्रिया का भाग है। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक है। हम सब को खेलो को अपनी दैनिक चर्या का हिस्सा बनाना चाहिए सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर कर आ रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव युवा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। ऐसे खेल आयोजन युवाओं में हार-जीत से परे खेल भावना के विकास में योगदान देते है। ये सक्षम और अनुशासित युवा ही राष्ट्र के निर्माण में बहुत बड़े सहयोगी बनेंगे। इस अवसर पर जनपद सीईओ,बीआरसीसी सहित भाजपा के सुशील संचेती, विशाल चौरसिया, कोमल जैन, सौरभ जैन शीतल सहित सभी गेम टीचर आदि उपस्तिथ थे।

# राम ने भारत को एक राष्ट्र बनायाः पं. मोहितराम

**कलश यात्रा के साथ शुरू हुई कथा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अयोध्या में भगवान श्रीराम के राजतिलक की तैयारी चल रही थी उसी समय पिता दशरथ ने भगवान श्री राम को अपने वचन को सिद्ध करने के लिए 14 वर्ष का वनवास दे दिया। भगवान श्रीराम पिता के वचन को सिद्ध करने 14 वर्ष के लिए वनवास गए, अपने वनवास काल में भगवान श्रीराम ऋषि वाल्मीकि माता शबरी केवट निषाद सनातन के जितने भी वंचित वर्ग है सभी को भगवान श्रीराम ने अपने गले लगाया। सभी को साथ रखा सहयोग लिया हृदय से लगाए सबको अपनाया और भारत को एक सनातनी श्रेष्ठ राष्ट्र बनाया। उक्त उद्गार ग्राम कजलास जावर जिला सीहोर की पावन भूमि पर हिंदू सम्मेलन के उद्घोष में चल रही तीन दिवसीय राष्ट्र कथा महोत्सव के प्रथम दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितराम पाठक ने व्यक्त किए। आगे वर्णन करते हुए कहा कि आज हमको संपूर्ण सनातनी एक होकर रहना चाहिए।

जिस प्रकार मां गंगा संत रविदास के कठौती में प्रकट हो गई थी। हम सभी को भी कई बार निषाद रविदास वंचित वर्ग को साथ लेकर सनातनी हिंदू राष्ट्र का निर्माण कर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। यही राष्ट्र और राम कथा है यही भारत की कथा है। आज द्वितीय दिवस की कथा में होगी हिंदुत्व की गर्जना आयोजन समिति ग्राम कजलास ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कथा में पधार कर राष्ट्र कथा एवं राम कथा का आनंद लेने का आग्रह किया।

# साध्वी चरित्र कला श्रीजी मां साहब की निश्रा में बरडिया परिवार ने निकाली मेरू तेरस यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



साध्वी चारित्र कला श्रीजी म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन कारी निश्रा में सुशीला कांतिलाल बरडिया, प्रेमलता प्रकाशचंद्र बरडिया, हंसा विजयकुमार बरडिया के मेरु तेरस तप की पूर्णता पर बरडिया परिवार द्वारा शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तपस्वी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें तपस्वी घी से बने मेरू को अपने मस्तक पर धारण करते हुए परमात्मा एवं गुरुदेव की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे शोभायात्रा को शोभायमान मान करने वाले समाज जनों द्वारा तपस्वी एवं परमात्मा के मंगलकारी जय कारे लगाए गए परम पूज्य साध्वी चारित्र कला श्री जी मसा आदि ठाणा का नगर में सुबह ढोल नगाड़ों के साथ मंगलकारी पदार्पण हुआ। साध्वी श्रीजी की पावन कारी निश्रा में मेरू तेरस व्रत के तपस्वी की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर पहुंची वहां पर परमात्मा को घी का मेरू अर्पित किया गया एवं परमात्मा का अनुपम दर्शन एवं चैत्य वंदन किया गया। पश्चात श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में पूज्य साध्वी जी महाराज ने उपस्थित समाज जनों को जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि मेरू त्रयोदशी के दिन व्रत करने से मोक्ष प्राप्ति की संभावना प्रबल होती है यह पौष मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाई जाती है पांच मेरु का संकल्प को पूर्ण किया जाता है।

प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने इसी दिन मोक्ष की प्राप्ति की थी पूज्य साध्वी जी के इंदौर चातुर्मास में जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया द्वारा महिदपुर रोडपधारने की विनंती की गई विनती को साध्वी जी ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की उक्त मंगलकारी कार्यक्रम में सकल जैन श्री संघ, समाज के वरिष्ठ महानुभाव, नवयुवक, महिला, बहु, तरुण बालिका परिषद में उपस्थित होकर तपस्वी के तप की बारंबार अनुमोदना कर धर्म लाभ प्राप्त किया।बरडिया परिवार द्वारा मंगलकारी कार्यक्रम में पधारे सभी समाज जनों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# महाविद्यालय में स्टार्टअप व उद्यमिता विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में 16 जनवरी को स्टार्टअप एवं उद्यमिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति, स्वरोज़गार, नवाचार तथा आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा से परिचित कराना था, जिससे वे भविष्य में केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित न रहकर रोजगार सृजनकर्ता बनने की दिशा में भी सोच विकसित कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता एवं आत्मविश्वास के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन इतिहास विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर भीमसेन मालवीय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नीतू परवाल ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहीं। उन्होंने स्टार्टअप की अवधारणा, उसके महत्व, आवश्यक कौशल, नवाचार की भूमिका तथा वर्तमान समय में उपलब्ध स्टार्टअप के बढ़ते अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान उन्होंने स्टार्टअप प्रारंभ करने की प्रक्रिया—जैसे समस्या की पहचान, विचार का चयन, बाज़ार सर्वेक्षण, बिज़नेस मॉडल का निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, टीम निर्माण एवं जोखिम प्रबंधन—को सरल भाषा एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, आत्मनिर्भर भारत अभियान सहित अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों को सरकारी सहायता, वित्तीय संसाधनों एवं मार्गदर्शन की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई। वक्ता द्वारा अमेज़न, ब्लिंकिट जैसे सफल स्टार्टअप्स की प्रारंभिक कहानियाँ साझा की गईं, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ।व्याख्यान के अंत में आयोजित प्रश्न–उत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने स्टार्टअप एवं उद्यमिता से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं, जिनका वक्ता द्वारा संतोषजनक एवं मार्गदर्शक समाधान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ, जिससे उनमें उद्यमिता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ।अंत में कार्यक्रम संयोजक भीमसेन मालवीय द्वारा मुख्य वक्ता नीतू परवाल के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. शर्मिला गांगले, प्रीति कुशवाहा सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के छह स्कूलों के लिए 688.35 लाख हुए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में चुने जाने के बाद से ही लगातार आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए आष्टा से भोपाल तक सतत संघर्ष और प्रयासरत रहते हैं। उन्हीं के प्रयासों से विगत दो वर्षों में आष्टा विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों रुपए की सौगात विकास के रूप में मप्र सरकार से प्राप्त हुई है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के प्रयासों से एक बार फिर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 6 ग्रामों के हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के लिए 688.35 लाख रुपए अतिरिक्त कक्ष निर्माण, लाइब्रेरी, लैब,टॉयलेट ब्लाक निर्माण, बाउंड्री वाल निर्माण सहित अन्य सिविल कार्य हेतु स्वीकृत किए गए।

उक्त स्वीकृत कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। विधायक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के ठोस प्रयासों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिद्धिकगंज, धुराडा कलॉ, खड़ी, कुरावर, मेहतवाड़ा एवं लोरस कला के हायर सेकेंडरी स्कूल एवं हाई स्कूल में 14 अतिरिक्त कक्ष, 14 लेब, चार लाइब्रेरी, पांच विद्यालयों में बाउंड्री वॉल एवं तीन विद्यालयों में टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण के साथ अन्य सिविल कार्यो के निर्माण के लिये 688.35 लाख की स्वीकृति के साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। उक्त स्वीकृति की खबर के बाद सभी ग्राम पंचायतो के सरपंच गणों, जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षो द्वारा उक्त कार्यों की स्वीकृति के प्रति विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया।

# संकल्प से समाधान अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को मिलने के उद्देश्य को लेकर नगर निगम द्वारा शासन निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अन्तर्गत 45 ही वार्डो में शिविरों का आयोजन 12 जनवरी से 15 फरवरी तक किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत गुरूवार 15 जनवरी को वार्ड 1 बिलावली के शासकीय स्कुल मे संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ निगम राजस्व विभाग समिति अध्यक्ष व वार्ड पार्षद जितेन्द्र मकवाना द्वारा निगम उपायुक्त आरती खेडेकर के साथ किया गया।

इसी प्रकार वार्ड 2 आवास नगर में स्थित संत रविदास नगर मे शासकीय स्कुल परिसर मे संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा निगम प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं मे म.प्र. भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना, अन्तेष्टि सहायता योजना,कर्मकार अनुग्रह योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना आदि सहित शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले इस हेतु निगम द्वारा समस्त वार्डो मे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर निगम स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते, ओमप्रकाश पथरोड, दरोगा विशाल बंजारे, निगम कर्मचारी मुकेश भिडे, आकाश बडोला, युसुफ खान, शुभम वैध, परवेज खान, महिला बाल विकास विभाग से ममता बामनिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, किरण शर्मा, कमला नागर, आशा कार्यकर्ता ललीता रेकवाल, सोना मालवीय, सुनिता मालवीय व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### जलेरिया मंडल के हिन्दू सम्मेलन में 7 गांवों के लोग हुए सहभागी, वक्ताओं ने रखे विचार

# कलश यात्रा, हवन, सुंदरकांड व समरसता भोज का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जलेरिया मंडल में गुरुवार को हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण एवं धार्मिक उत्साह का प्रतीक बनता एक भव्य हिन्दू सम्मेलन ग्राम खेरिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में आसपास के 7 गांवों जलेरिया, खेरिया, भगसरा, रोशनाबाद, मेडिया, बिजयनगर एवं अभयपुर से बड़ी संख्या सभी समाज के लोग सहभागी हुए। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू धर्म की मूल भावना को मजबूत करना, सामाजिक समरसता बढ़ाना एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश सजाकर भक्ति भाव से भाग लिया।

इसके पश्चात दीप यज्ञ आयोजन किया गया, जिसमें सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर राष्ट्र, समाज एवं व्यक्तिगत कल्याण की कामना की गई। सुंदरकांड पाठ में पूरा माहौल भक्ति रस से ओतप्रोत हो उठा।सम्मेलन के मुख्य आकर्षण रहेगायत्री हवन में सभी सहभागियों ने सामूहिक गायत्री मंत्र जाप एवं हवन किया। सभी ने समरसता भोज में एक साथ भोजन ग्रहण किया।इस अवसर पर महंत लवचन्द्रदास के साथ समाजसेवी बबिता कौशल, डॉ प्रतिभा शर्मा, गायत्री परिवार से शर्मा जी एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक, देवास एवं उज्जैन विभाग के धर्म जागरण संयोजक धर्मेंद्र मालवीय मंचासीन रहे। महंत लवचंद्र दास ने अपने आशीर्वचन में कहा की सभी हिंदुओ को संगठित होकर रहना होगा इसी में राष्ट्र की भलाई है, जिसके लिए सभी समाजों को बराबरी का स्थान देना आवश्यक है। बबिता जी ने पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के विषय पर अपने विचार रखे। डॉ प्रतिभा ने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई से ज्यादा आवश्यक संस्कार है, लव जिहाद के माध्यम से हमारी बेटियों को षड्यंत्र कर फंसाया जा रहा है, जिसके प्रति हमें सावधान रहना होगा।

मुख्य वक्ता मालवीय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की समाज, जीव-जंतु एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण ही धर्म है, साथ हमारी उपासना, पूजा, व्रत आदि हमारे ₹कर्म₹ है, और 'कर्म' के साथ 'समर्पण' के भाव को दैनिक जीवन में जीना श्रेष्ठकर है। इसी प्रकार राष्ट्र एवं समाज मे प्रति समर्पण का भाव संघ सिखाता है। आपने कहा कि हमारे जातियों में बिखरना का लाभ राष्ट्रविरोधी शक्तियां उठाती है, हम सब के संगठित रहने में ही हमारे गांवों का विकास संभव है। शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन हिन्दू समाज में एकजुटता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। इसी प्रकार शनिवार को देवास नगर के शान्तिपुरा बस्ती, सन्नोड एवं लोहाना मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

# खेलेंगे हम जीतेगा एमपी टार्च रैली का देवास में हुआ आगमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का आयोजन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के किया जा रहा है जिसकी बैटन रिले टार्च को देवास में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव एवं सेना गाडरिया जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी को भोपाल से आए दल प्रभारी शिव कुमार तोमर तथा तौफीक खान ने टार्च सौंपी। जिला अध्यक्ष ने देवास जिले के खिलाड़ियों को बैटन टार्च सौंप कर आगे बड़ाया। टार्च श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम से कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पहुंची जहाँ पर खेल संघ एवं खिलाड़ियों द्वारा स्वागत कर इन्दौर के लिए रवाना की गई। यहा बैटन टार्च रैली प्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर भोपाल पहुँचेगी, जिसमें विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी गण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।